# रणजीत टाइम्स

साप्ताहिक अख़बार

प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

वर्ष 13 | अंक 20 | कुल पृष्ठ : 8 | मूल्य - 2 रु.

RNI-NO.MPHIN/2015/64585

इंदौर प्रति मंगलवार , 14 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक


## मप्र में भ्रष्टाचार की पोल, रोड खोले रोज




आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक


**इंदौर -होशंगाबाद -जबलपुर -जयपुर -मंडला -सागर सभी का सामूहिक पहुंच रोड दोपहर करीब 01:00 बजे धंस गया। गनीमत रही कि उस समय धंसे टुकड़े पर किसी वाहन का आवागमन नहीं हो रहा था अन्यथा बड़ा हादसा रूप ले लेता।**

यह रोड नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया द्वारा बनाया गया था। जिस स्थान पर यह रोड धंसा वह थाना सुखी सेविनयाँ अंतर्गत बिलखिरिया की तरफ से मंडीदीप से ईंटखेड़ी की तरफ जाने वाले ग्राम कल्याणपुर रेलवे ब्रिज से 100 मीटर आगे स्थित है जिसका करीब 30 से 35 फीट भाग दरक गया।

यूं तो आये दिन रोड दरकने की घटना होती रहती है लेकिन विचारणीय बात यह है कि मजाल है सरकार के कान पर जूं भी रेंग जाए। आगे तिजोरी भर टैक्स देने वाली जनता भ्रष्टाचारी रोड़ों पर आवागमन करने पर अपनी जान मॉल की जिम्मेदार खुद है... आखिर जान है तो आगे टैक्स है...

## मध्य प्रदेश में धूमधाम से मनाया जाएगा गोवर्धन पर्व



भोपाल। मध्य प्रदेश में इस वर्ष गोवर्धन पर्व का उत्सव 21 अक्टूबर को पूरे हर्षोल्लास और पारंपरिक भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने घोषणा की है कि इस पर्व को लोक अनुष्ठानों और सांस्कृतिक परंपराओं के अनुरूप मनाया जाएगा, जिससे प्रदेश में गौ संवर्धन, कृषि और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि यह पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं, बल्कि यह हमारे ग्रामीण जीवन, पशुधन और प्राकृतिक संसाधनों के प्रति सम्मान का प्रतीक भी है। राज्य सरकार ने इस मौके पर विशेष कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है। गोवर्धन पर्व पर पूरे प्रदेश में गौ पूजन, गोवर्धन पूजा और अन्नकूट महोत्सव का आयोजन होगा। विभिन्न जिलों में सामाजिक संस्थाओं, गौशालाओं और पशुपालकों की सहभागिता से यह पर्व मनाया जाएगा। प्रशासन को निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन में ग्रामीण समुदायों की भागीदारी को प्राथमिकता दी जाए, ताकि यह त्योहार जनआस्था के साथ-साथ सामाजिक एकता का भी संदेश दे सके। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इस अवसर पर पशुपालन और दुग्ध उत्पादन के क्षेत्र में नवाचार करने वाले पशुपालकों, उद्यमियों और संगठनों को सम्मानित किया जाएगा। यह पहल राज्य में पशुधन आधारित अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करने और नवाचार की दिशा में प्रेरणा देने का काम करेगी। सरकार का उद्देश्य है कि गोवर्धन पर्व को केवल धार्मिक कार्यक्रम के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र सामाजिक-आर्थिक उत्सव के रूप में स्थापित किया जाए। आयोजन के दौरान अन्नकूट महोत्सव का विशेष आकर्षण रहेगा, जिसमें विभिन्न प्रकार के व्यंजन भगवान गोवर्धन को समर्पित किए जाएंगे और बाद में जनता के बीच प्रसाद स्वरूप वितरित होंगे। साथ ही, स्थानीय कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और भजन संध्या का भी आयोजन होगा, जिससे पूरा वातावरण भक्ति और आनंद से भर जाएगा। प्रदेश के सभी जिलों में प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। जिला कलेक्टरों को निर्देश दिए गए हैं कि आयोजन स्थल की स्वच्छता, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पर्व हमारी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़ने और गाय, भूमि तथा पर्यावरण के प्रति हमारी श्रद्धा को पुनः स्थापित करने का अवसर है।

## 6 करोड़ की ठगी करने वाला मास्टरमाइंड गुलामुद्दीन बेंगलुरु से गिरफ्तार, निवेश पर दोगुना मुनाफा देने का देता था झांसा

इंदौर। क्राइम ब्रांच ने एक बड़ी और अहम कार्रवाई को अंजाम देते हुए 6 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी करने वाले फरार आरोपी गुलामुद्दीन को बेंगलुरु से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने निवेशकों को दोगुना मुनाफा देने का लालच दिखाकर करोड़ों रुपये की ठगी की थी। पुलिस लंबे समय से उसकी तलाश में थी और आखिरकार तकनीकी निगरानी और लगातार इनपुट्स के आधार पर उसे दबोच लिया गया। पुलिस की जांच में सामने आया है कि गुलामुद्दीन पहले एक निजी बैंक का संचालन करता था। जब बैंक बंद हो गया, तो उसने एक फर्जी एडवाइजरी फर्म खोल ली और उसके जरिए लोगों से भारी निवेश करवाना शुरू कर दिया। वह लोगों को यह विश्वास दिलाता था कि उसकी कंपनी निवेश की राशि पर दोगुना मुनाफा देगी। लोगों ने उस पर भरोसा कर लाखों रुपये निवेश किए। शुरुआत में वह कुछ लोगों को आंशिक रकम लौटाकर उनका विश्वास जीतता और फिर बड़ी रकम लेकर फरार हो जाता।

इंदौर के कम से कम पांच निवेशकों ने पुलिस को बताया कि उन्होंने गुलामुद्दीन की कंपनी में लगभग 6 करोड़ रुपये निवेश किए थे। लेकिन जब उन्होंने अपनी रकम वापस मांगनी शुरू की, तो गुलामुद्दीन अचानक गायब हो गया। इसके बाद पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई और क्राइम ब्रांच ने आरोपी की तलाश शुरू की। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया के निर्देशन में टीम ने तकनीकी साधनों और नेटवर्क सर्विलांस की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रैक किया।

# "एक मुस्कान ग्रुप" द्वारा संचार नगर के पास स्थित गरीब बस्ती में एक सेवा और सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया गया

जिसके अंतर्गत जरूरतमंद परिवारों को राशन किट वितरित की गईं। इस कार्यक्रम में लगभग 250 लोगों को आवश्यक खाद्य सामग्री और दैनिक जरूरत का सामान प्रदान किया गया। यह पहल समाज के कमजोर वर्गों की सहायता और उनमें खुशियों की मुस्कान लाने के उद्देश्य से की गई। "एक मुस्कान ग्रुप" पिछले कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रूप से भाग लेता आ रहा है, और इस बार भी ग्रुप के सदस्यों ने अपनी जिम्मेदारी को बखूबी निभाया।




### इस पुनीत कार्य में ग्रुप के सदस्य

अल्फा जैन, निखिल जैन,पलाश जैन सावला , अनीमेश जैन,शिफा जैन,काजल जैन, रितेश, गौरव, कमलाश जैन, डॉ. अर्पित जैन, राकेश जी, अतुल प्रकाश जी,-का विशेष योगदान रहा। सभी सदस्यों ने मिलकर तन, मन और धन से सहयोग दिया। ग्रुप के सदस्यों ने बताया कि उनका उद्देश्य केवल मदद करना ही नहीं, बल्कि समाज में "सेवा ही परम धर्म है" का संदेश फैलाना भी है। उन्होंने यह भी कहा कि आगे भी "एक मुस्कान ग्रुप" इसी तरह के सेवा कार्यों के माध्यम से जरूरतमंदों की सहायता करता रहेगा, ताकि हर चेहरे पर मुस्कान लाई जा सके।

### इस कार्यक्रम के दौरान

स्थानीय लोगों ने ग्रुप के सदस्यों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस तरह की पहलें समाज में मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखती हैं और लोगों को एक-दूसरे की मदद के लिए प्रेरित करती हैं।

# गोकलपुर में संघ का शताब्दी वर्ष संचलनः राष्ट्रभक्ति की गूंज से गूंजा मंडल

**दरबार सिंह ठाकुर**

देपालपुर गोकलपुर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में गोकलपुर मंडल में भव्य संचलन का आयोजन किया गया, जिसने पूरे गांव को राष्ट्रभक्ति और अनुशासन की भावना से सराबोर कर दिया।

सैकड़ों स्वयंसेवकों की भागीदारी इस ऐतिहासिक संचलन में गोकलपुर मंडल के विभिन्न शाखाओं से सैकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। बैंड की गूंज, कदमताल की लय और भगवा ध्वज की शान ने वातावरण को गौरवमयी बना दिया। संचलन के पश्चात आयोजित सभा में वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने संघ के 100 वर्षों की यात्रा, समाज सेवा, राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक पुनर्जागरण पर प्रकाश डाला। युवाओं को संघ के कार्यों से जुड़ने का आह्वान किया गया। गोकलपुर की गलियों में पथ संचलन के स्वागत हेतु नागरिकों ने पुष्पवर्षा की संघ गीतों की धुनों पर भावविभोर हुए। यह आयोजन न केवल संघ के गौरवशाली इतिहास का प्रतीक बना, बल्कि सामाजिक समरसता और राष्ट्रप्रेम का संदेश भी दिया। गोकलपुर मंडल का यह संचलन संघ के शताब्दी वर्ष की स्मृति में एक स्वर्णिम अध्याय के रूप में दर्ज हो गया है। स्थानीय प्रशासन और समाज के सभी वर्गों ने इसकी सराहना की।



# गांव गांव पहुंच रहा नर्मदा जल इसी के तहत ग्राम पंचायत सेमली बुर्जुग में नर्मदा जल पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक मनोज चौधरी ने नर्मदा जल का पूजन कर कलश यात्रा गांव में निकली







**संजय प्रेम जोशी**

समीपस्थ ग्राम पंचायत सेमली बुजुर्ग में मां नर्मदा जी का पीने का जल गांव में पहुंचा जिसमें ग्राम वासी वह क्षेत्रीय विधायक श्री मनोज जी चौधरी ने नर्मदा जल का पूजन कर कलश यात्रा गांव में निकाली गई व भगवान भोलेनाथ के मंदिर में जल अभिषेक किया गया और एक बगिया मां के नाम पौधारोपण किया गया जिसमें मुख्य अतिथि विधायक मनोज जी चौधरी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष संतोष गोठी विशेष अतिथि मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कवडिया जनपद पंचायत बागली के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजू मेणा कृपाल सिंह सैधव राजेंद्र सिंह राणा गजराज सिंह सैधव धीरज सिंह सैधव बाबूलाल सैधव आत्माराम चौहान विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन में अतिथियों ने सम्बोधित किया। आयोजन में स्वागत भाषण सरपंच अर्जुन सैधव ने दिया संचालन संदीप गुर्जर ने किया व आभार रायसिंह सैधव ने माना।

इस अवसर पर धीरज सर निर्भय सिंह तलाया अजय सैधव सरपंच रतन सिंह सैधव भरत पाटीदार चेतन सैधव अभिमन्यु सैधव हुकम सिंह अरलावदा मनोहर सिंह सैधव फूल सिंह पटेल सूरज सिंह बजे सिंह गजराज सिंह गुलाब सिंह मनोहर सिंह भगवत सिंह राजेंद्र सिंह गोपाल सिंह लाखन सिंह पप्पू पंडित अशोक सिंह सचिव धीरज सिंह सैधव सहायक सचिव गोपाल सिंह सैधव समेत अनेक ग्राम वासी उपस्थिति थे।

# नर्मदा परिक्रमा शुरू 5 परिक्रमा वासी पिपरी आए

**संजय प्रेम जोशी**

दशहरा पर्व बाद से नर्मदा परिक्रमा शुरू हो जाती है। अधिकतर परिक्रमा वासी नेमावर हंडिया यह ओंकारेश्वर से शुरू करते हैं विशेषकर मालवा निमाड़ क्षेत्र के लोग इन स्थानों का चयन करते हैं। शुक्रवार शाम को पांच परिक्रमा वासी पिपरी स्थित मां नर्मदा मंदिर पर विश्राम और भोजन के लिए रुके इन्होंने यह यात्रा ओंकारेश्वर से शुरू की है। सभी यात्रियों का सनातन सेवा समिति संयोजक गिरधर गुप्ता ने पुष्प हार से स्वागत करते हुए चार माह बाद पहले परिक्रमा वासी यात्रियो के रूप में उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि पिपरी स्थित नर्मदा मंदिर में रुकने की भोजन की और चाय नाश्ते की व्यवस्था समिति द्वारा की जाती है। यहां आने वाले परिक्रमा वास यात्रियों को कुछ ना कुछ त्याग करने के लिए संकल्प दिलाया जाता है विशेष कर नशा मुक्ति अभियान को जोर देते हुए बीड़ी तंबाकू गुटका पाउच आदि छोड़ने के लिए संकल्प दिलवाने के लिए यह स्थान प्रसिद्ध है।



रणजीत टाइम्स
साप्ताहिक अख़बार
इंदौर प्रति मंगलवार , 14 अक्टूबर 2025 से 20 अक्टूबर 2025 तक



# इंदौर यातायात पुलिस द्वारा बस एवं ट्रक संचालकों की बैठक आयोजित

आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स
सह. संपादक

## यातायात नियमों के पालन पर दिया गया विशेष जोर

इंदौर शहर में सुचारू एवं सुरक्षित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन में तथा अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय/यातायात) एवं पुलिस उपायुक्त (जोन-4/यातायात) के निर्देशन में पुलिस नियंत्रण कक्ष, मीटिंग हॉल में आज बस एवं ट्रांसपोर्ट संघों के पदाधिकारियों एवं सदस्यों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में यातायात पुलिस के समस्त अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्यालय/यातायात) श्री आरके सिंह एवं पुलिस उपायुक्त श्री आनंद कलादगी ने कहा कि"आप सभी द्वारा अब तक यातायात पुलिस को जो सहयोग दिया गया है, वह सराहनीय है। ट्रैफिक मार्शलों की उपलब्धता में आपके द्वारा दिया गया सहयोग विशेष रूप से उल्लेखनीय रहा है।



प्रारंभिक दिनों में यातायात दबाव अधिक था, परंतु अब स्थिति में काफी सुधार हुआ है और ट्रैफिक मूवमेंट सुचारू रूप से संचालित हो रहा है।"

बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए मुख्य निर्देश

1. सभी बस एवं ट्रक संचालक अपने वाहन चालकों के संपूर्ण दस्तावेजों की जांच कर लें, जिनमें ड्राइविंग लाइसेंस (मीडियम/हेवी व्हीकल हेतु), फिटनेस सर्टिफिकेट एवं परमिट सम्मिलित हैं।

2. नॉन-कमर्शियल या फोर व्हीलर लाइसेंस वाले व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में बस या भारी वाहन का संचालन नहीं करें।

3. वाहन पूरी तरह फिटनेस प्रमाणित एवं अधिकृत मार्ग (रूट परमिट) पर ही संचालित किए जाएं।

4. बस एवं ट्रक चालक नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं तथा वाहन की लोडिंग क्षमता से अधिक लोडिंग न करें।

5. अनावश्यक रेस या प्रतिस्पर्धा से बचें, ऐसे मामलों में दुर्घटनाएं बढ़ती हैं और कानूनी कार्रवाई अनिवार्य होगी।

6. शहर के मुख्य बस स्टॉप एवं प्रमुख मार्गों पर नियमित चेकिंग की जाएगी। इसके लिए यातायात पुलिस, स्थानीय थाना पुलिस एवं आरटीओ का संयुक्त दल कार्य करेगा।

7. सभी संचालकों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनकी गाड़ियां केवल चिन्हित स्टॉपेज पर ही यात्रियों को बैठाएं या उतारें। सड़क पर कहीं भी रुकना या अनधिकृत स्टॉपेज बनाना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। बैठक में उपस्थित सभी ट्रांसपोर्ट एवं बस संघों के प्रतिनिधियों ने यातायात पुलिस को पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया, शहर के बेहतर ट्रैफिक प्रबंधन हेतु प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करने की सहमति जताई, साथ ही सभी के द्वारा कुछ सुझाव दिए गए हैं जिसमें रूट प्लानिंग आदि विषयों पर जानकारी दी गई जिसे वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा संज्ञान में लिया गया व भविष्य में उन विषयों पर भी योजनाएं बनाई जाएगी।

### बेहतर यातायात प्रबंधन हेतु जिम्मेदार नागरिकों का मिल रहा भरपूर सहयोग..

# इंदौर ट्रैफिक पुलिस भी कर रही हरसंभव प्रयास

## हेल्पलाइन पर कल आई 10 शिकायतें, 07 का तत्समय ही हो गया समाधान

इंदौर - शहर में सुगम सुरक्षित व सुखद यातायात हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन में यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में इंदौर यातायात प्रबंधन पुलिस द्वारा व्हाट्सएप हेल्पलाइन नंबर – 7049107620 जारी किया गया है। उक्त हेल्पलाइन पर कल 12.10.25 को ट्रैफिक पुलिस को कुल 10 शिकायते प्राप्त हुई, जिनमें से 07 का त्वरित निराकरण कर दिया। कल कुछ इस प्रकार की शिकायते आई-




1. सर्विस रोड़ पर गाड़िया खड़ी होने से जाम लगने।

2. स्कूल व कॉलेज की बसों के कारण यातायात अवरुद्ध संबंधी।

3. अस्थायी दुकानें व ठेले बेतरतीब खड़े होने के कारण जाम।

4. वाहन चालकों द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन कर तेज गति से वाहन चलाने।

5. रॉन्ग साइड वाहन चलाकर वन वे का पालन नही करने ।

6. नो-पार्किंग में रोड़ साइड व दुकानों के सामने खड़े वाहनो से यातायात अवरुद्ध होना।

7. जगह जगह जाम लगने के संबंध में।

उक्त 10 शिकायतों में उल्लेखित समस्याओ पर त्वरित कार्यवाही कर 07 का समाधान किया गया व नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध चालानी कार्यवाही की गई है, शेष 03 में भी कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त हेल्पलाइन शुरू होने से लेकर कल तक में कुल 462 शिकायत प्राप्त हुई जिनमे से 440 शिकायतो का त्वरित निराकरण किया गया है, शेष 22 शिकायतों पर भी कार्यवाही की जा रही है। आम नागरिकों से अनुरोध है कि सुव्यवस्थित यातायात हेतु इंदौर पुलिस को सहयोग दें और किसी भी प्रकार की ट्रैफिक संबंधी समस्या होने पर हेल्पलाइन नंबर– 7049107620 पर सूचना दें।

## चंद्रावतीगंज क्षेत्र में भीषण हादसा, मजदूरों से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी - दो महिलाओं की मौत, 25 से अधिक घायल

इंदौर के चंद्रावतीगंज थाना क्षेत्र में रविवार शाम दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खेतों में काम कर लौट रहे मजदूरों से भरी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली ग्राम रतनखेड़ी और बीबीखेड़ी के बीच पलट गई। हादसा शाम करीब 6:25 बजे हुआ, जिसमें लगभग 25 से 27 मजदूर घायल हो गए, जबकि दो महिलाओं की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, ग्राम रतनखेड़ी के मजदूर खेतों से काम समाप्त कर बीबीखेड़ी और हरियाखेड़ी गांव की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। सभी घायलों को पहले सावेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां से गंभीर रूप से घायल मजदूरों को बेहतर उपचार के लिए इंदौर के अरविंदो अस्पताल रेफर किया गया। कुछ घायलों को एमवाय अस्पताल भी भेजा गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट भी मौके पर पहुंचे और घायलों का हालचाल जाना।

# मोहन यादव कैबिनेट फेरबदल करते हैं तो मालवा को नया मंत्री इंदौर जिले से या देवास जिले से मिल सकता है

**लेखक वरिष्ठ पत्रकार है**

चर्चा यह है कि मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट में हाल ही में सिंदूर ऑपरेशन के दौरान कुछ मंत्री बड बोलेपन के कारण सोशल मीडिया पर चलने वाली हर डिबेट में विपक्षियों का निशाने रहते हैं। संघ की भी इन नेताओं पर निगाह बनी हुई है हो सकता है आने वाले समय में कैबिनेट में मंत्रियों को घर वापसी कर दी जाए या उनके पद काम करते हुए राज्य स्तर का कोई मंत्री पद दे दिया जाए सवाल यह उठता है कि ऐसी स्थिति में भारतीय जनता पार्टी का सबसे मजबूत गढ़ मालवा जिसमें इंदौर देवास उज्जैन रतलाम जिला शामिल है। उज्जैन से मुख्यमंत्री मोहन यादव स्वयं आते हैं इसलिए उज्जैन जिले से किसी के मंत्री बनने की संभावना बहुत कम है इंदौर जिले से तुलसी सिलावट एवं



कैलाश विजयवर्गी पूर्व से ही कद्दावर पद पर बने हुए हैं। यहां के महापौर पुष्यमित्र भार्गव भी किसी मंत्री से कम नहीं है । इतनी बड़ी आबादी का नेतृत्व कर रहे हैं अब निगाह टिकती है । रतलाम जिले से चैतन्य काश्यप आते जरूर है मोहन यादव की टीम में लेकिन उनका कद बड़ा नहीं है ।देवास जिले पर देवास जिले में आशीष शर्मा लगातार तीसरी बार जीतकर संगठन की निगाह में स्वच्छ छवि वाले नेता बने हैं बागली विधायक मुरली भंवरा भी पहले ही कार्यकाल में शिक्षा बोर्ड समिति में शामिल कर लिए गए हैं देवास की बात आती है तो राज परिवार कुछ वर्ष पर कानूनी उलझन में उलझ गया था तभी से संगठन भी नहीं चाहता उन्हें कोई ऊंचा पद देना पहले हरदा से कमल पटेल उज्जैन से पारस जैन मोहन यादव इंदौर से तुलसी सिलावट सुमित्रा महाजन उषा ठाकुर देवास जिले से तुकोजी राव पवांर दीपक जोशी रतलाम जिला क्षेत्र से भी मंत्री पद मिल चुके हैं। ऐसी स्थिति में मालवा का संगठन जिसे वर्तमान में स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने पर अपनी बेहतर उपस्थिति और शक्ति संगठन के माध्यम से वर्तमान सरकार और विपक्ष को दिखा दी है। निगम मंडल भी अभी खाली पड़े हुए हैं वहां भी इन्हीं जिलों से नियुक्ति होना तई है। इस बार भी कैबिनेट में मालवा की भागीदारी नहीं हो पाई तो भारतीय जनता पार्टी को नेताओं की अपेक्षा करना महंगा पड़ सकता है। पूर्व में पर्यटन मंत्री के रूप में उषा ठाकुर एवं तुकोजीरा पवार वहीं शिक्षा मंत्री के पद पर दीपक जोशी तथा पारस जैन कैबिनेट पद पर रहकर मालवा क्षेत्र का नेतृत्व करता है। मध्य प्रदेश की 30 विधानसभा सीटों पर मालवा क्षेत्र का प्रभाव है और वोट बैंक भी मजबूत है। ऐसी स्थिति में मालवा का ध्यान रखना बेहद जरूरी हो गया है भारतीय जनता पार्टी को कांग्रेस हमेशा से अनदेखी करती रही मालवा क्षेत्र की तभी उसे अभी तक नुकसान उठाना पड़ रहा है सिर्फ सज्जन वर्मा एवं तुलसीराम सिलावट को ही पूर्व में आगे लाया गया था। उसके बाद किसी भी मामले में कांग्रेस ने मालवा क्षेत्र से कोई प्रतिनिधित्व नहीं भेजा राज्यसभा में मौका आया था लेकिन उन्होंने दिग्विजय सिंह को ही रिपीट करके बहुत बड़ी गलती कर दी। इस बार राज्यसभा से मालवा क्षेत्र का कोई व्यक्ति कांग्रेस पहुंचाती तो उसकी स्थिति मजबूत बनती दिग्विजय सिंह वैसे भी पूर्व मुख्यमंत्री होने के नाते चर्चित है।

## इंदौर दूध पाउडर प्लांट का माननीय प्रधानमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

### इंदौर सहकारी दुग्ध संघ में 30 मेट्रिक टन प्रति दिवस क्षमता का निर्मित किया गया अत्याधुनिक दूध पाउड प्लांट

**खुशबू श्रीवास्तव**

इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के 30 मेट्रिक टन प्रति दिवस क्षमता के पॉवर प्लांट का वर्चुअल उद्घाटन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा 11 अक्टूबर 2025 को कृषि विज्ञान परिषद पूसा नई दिल्ली से किया गया इस अवसर पर कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री माननीय श्री शिवराज सिंह चौहान मत्स्य पशुपालन एवं डेयरी मंत्री माननीय श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन सिंह कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री श्री भागीरथ चौधरी उपस्थित रहे माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जल संसाधन मंत्री माननीय श्री तुलसी सिलावट एमपी सीडीएफ भोपाल के प्रबंधक संचालक डॉक्टर संजय गोवाण ब्रिलिएंट कन्वेंस सेंटर इंदौर से प्रधानमंत्री द्वारा पीएम धन धन योजना के उद्घाटन कार्यक्रम में वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए इस कार्यक्रम में पशुपालन एवं डेयरी विभाग के माननीय मंत्री श्री लखन पटेल इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री बलबीर शर्मा सहित विभागीय अधिकारी गढ़ के अलावा लगभग 700 दुग्ध उत्पादक किसान उपस्थित रहे प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की सौगात !




प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी की वर्चुअल गरिमा में उपस्थिति में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना दलहन आत्मनिर्भरता मिशन का शुभारंभ किया गया आईएफ के अंतर्गत 1068 परियोजनाएं पशुपालन क्षेत्र के अंतर्गत 18 परियोजना मत्स्य पालन क्षेत्र के अंतर्गत 09 परियोजनाएं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के अंतर्गत 16 परियोजनाओं का उद्घाटन किया गया पशुपालन क्षेत्र के अंतर्गत 01 परियोजना मत्स्य पालन क्षेत्र के अंतर्गत सात परियोजनाएं खाद प्रसंस्करण क्षेत्र के अंतर्गत 01 परियोजना का शिलान्यास किया 76.50 करोड़ कि लागत से बना है इंदौर सरकारी दुग्ध संघ का नवीन दुग्ध चूर्ण संयंत्र भारत सरकार की नेशनल प्रोग्राम का डेयरी डेवलपमेंट योजना के घातक व सहकारी समिति के माध्यम से देरी के अंतर्गत दूध पाउडर संयंत्र परियोजना की कुल लागत 76. 50 रुपए करोड़ है जिसमे रू 29.50 करोड़ एनडीडीबी के माध्यम से एनपीडीडी कंपोनेंट बी डीटीसी जापान इंटरनेशनल कॉरपोरेशन एजेंसी भारत सरकार की योजना के द्वारा सहायता प्रदान की गई तथा शेष राशि इंदौर सहकारी दुग्ध संघ के स्वयं के स्रोत से की गई है संयंत्र की स्थापना का कार्य भारत सरकार की कंपनी मैटर्स हिंदुस्तान मशीन टूल्स से कराया गया इस संयंत्र के माध्यम से हो ले मिल्क पाउडर स्कीम मिल्क पाउडर तथा डेयरी व्हाइटनर इत्यादि निर्मित किए जाएंगे ! स्कडा स्वचालित आधुनिक संयंत्र यह दूध पाउडर संयंत्र स्काडा( प्लांट पर्यवचीय नियंत्रण और डाटा अधिग्रहण ) स्वचालित है ! यह कंप्यूटर आधारित प्रणाली है ! जिसका उपयोग औद्योगिक उपकरणों और प्रक्रियाओं की निगरानी करने डाटा एकत्रित करने और उन्हें नियंत्रित करने के लिए किया जाता है जिसमें प्रतिदिन 3 लाख लीटर दूध से लगभग 30 मेट्रिक टन प्रति दिवस दुग्ध चरण का निर्माण किया जाएगा फ्लस सीजन में प्रतिदिन अतिशेष रहने वाले दूध का पूर्ण उपयोग किया जावेगा इससे अधिक से अधिक मात्रा में किसानों से दूध करे किया जावेगा तथा अतिशेष दूध का निस्तारण किया जावेगा जिससे दुग्ध उत्पादक किसानों की आय में वृद्धि होगी !

## अनेक प्रकार के दुर्व्यसनों तथा नशे की आदत से मुक्ति दिलाता है सहजयो

न हि ज्ञानेन सदृशं पवित्रमिह विद्यते।
तत्स्वयं योगसंसिद्धः कालेनात्मनि विन्दति।।

भगवद्गीतापरम पूज्य श्री माताजी प्रणीत सहयोग हमें शुद्ध पवित्र निर्मल आत्मज्ञान प्रदान करता है भगवत गीता से लिए गए उपरोक्त श्लोक का अर्थ है कि इस संसार में आत्मज्ञान से बढ़कर के समान पवित्र निसंदेह कुछ भी नहीं इस ज्ञान को कितने ही कल से कर्मयोग द्वारा शुद्ध अंतःकरण प्राप्त करने वाला मनुष्य अपने आप ही आत्मा में पा लेता है। परम पूज्य श्री माताजी कहते हैं कि आपका कर्मफल पूर्ण होने का समय आ गया है। जब कोई भी साधक श्री माताजी के समक्ष बैठकर आत्मसाक्षात्कार मांगता है तथा सभी को क्षमा कर अपना हृदय स्वच्छ कर अपना चित्त सहस्त्रार चक्र पर स्थिर कर कुछ क्षण शांत बैठता है तो उसके पिंड में स्थित शक्ति वायु रूप लेकर रीढ़ की हड्डी के समानांतर स्थित सुषुम्ना नाड़ी से प्रवाहित होती है और उसके हाथों से शीतल चैतन्य लहरियां बहने लगतीं हैं। इन शीतल चैतन्य लहरियों का अनुभव ही आत्मसाक्षात्कार प्राप्ति का संकेत होता है।



तत्पश्चात् नियमित ध्यान से जब आपकी कुंडलिनी मां भवसागर को पार करती है तो धर्म आपके हाथों से चैतन्य लहरियों के रूप में प्रवाहित होने लगता है । इस चैतन्य में धर्म को स्थापित करने की क्षमता होती है। इस प्रकार का साधक श्री माताजी की आज्ञा से किसी भी तत्व को चैतन्यित कर सकता है। इस चैतन्य का उपयोग जल के माध्यम से करना अत्यंत सहज, सरल व प्रभावशाली होता है। श्री माताजी के समक्ष चैतन्यित जल को जब कोई व्यक्ति ग्रहण करता है तो धर्म स्वयं ही उसके भीतर जागृत हो जाता है तथा उचित - अनुचित का भेद स्पष्ट होने लगता है। ऐसा व्यक्ति किसी भी प्रकार के नशे जैसे शराब, तंबाकू, ड्रग्स आदि का त्याग बड़ी ही आसानी से कर देता है। इस चैतन्यित जल का प्रयोग करने से हमारे सूक्ष्म शरीर में चक्रों व नाड़ियों में संतुलन स्थापित होता है जिससे अनेक प्रकार के रोग सहजता से ठीक हो जाते हैं। अनगिनत उदाहरण सहजयोग में मौजूद हैं जिसमें साधकों ने सहजयोग के नियमित अभ्यास द्वारा अनेक साध्य व असाध्य रोगों से मुक्ति प्राप्त की है। परंतु सहजयोग कोई झाड़ फूंक अथवा तंत्र - मंत्र द्वारा रोगों को ठीक करने की संस्था नहीं है। सहजयोग सनातन ऋषियों की वैज्ञानिक पद्धति का सर्वोच्च ज्ञान है जिसका मुख्य व एकमात्र उद्देश्य आत्मज्ञान की प्राप्ति है । सूक्ष्म शरीर का ज्ञान तथा नियमित ध्यान अभ्यास से जो संतुलन हमारे भीतर स्थापित होता है उसका सह उत्पाद रोगों से मुक्ति है। इस प्रकार श्री माताजी प्रणित सहजयोग अपना अंतरंग स्वच्छ कर हमें सकारात्मक ढंग से पूर्ण परिवर्तित कर जीवन का उच्चतम आनंद प्रदान करता है। अपने आत्म साक्षात्कार को प्राप्त करने हेतु अपने नजदीकी सहजयोग ध्यान केंद्र की जानकारी टोल फ्री नंबर 1800 2700 800 से प्राप्त कर सकते हैं ।

# आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में कोई भी ऐसा रोग नहीं है जिसका इलाज न होता हो

नई दिल्ली। इंटीग्रेटेड मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए-आयुष) ने अपना 39वां वार्षिकोत्सव 'भगवान धनवंतरि जयंती समारोह' का आयोजन एनडीएमसी सभागार, संसद मार्ग, कनॉट प्लेस में किया। दिल्ली के मेयर श्री राजा इकबाल सिंह ने समारोह का उद्घाटन भगवान धनवंतरि पूजा से किया।

श्री राजा इकबाल सिंह ने अपने भाषण में कहा कि "आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति में कोई भी ऐसा रोग नहीं है जिसका इलाज न होता हो।" उन्होंने कहा कि "मुझे ख़ुद को भी अपने फेशियल पैरालिसिस के लिए आयुर्वेद चिकित्सा का इलाज लेना पड़ा था।" उन्होंने कहा कि "दिल्ली एम सी डी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति की ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे।" आईएमए-आयुष के मीडिया प्रभारी एवं लीगल कमेटी के चेयरमैन डॉ रामफल पांचाल ने बताया कि इसके बाद धनवंतरि वंदना से आयोजन का शुभारंभ हुआ। समारोह की अध्यक्षता डॉ एम बी गौड (निदेशक चौधरी ब्रह्म प्रकाश चरक संस्थान दिल्ली) ने की। विशिष्ट अतिथि डॉ पी के प्रजापति निदेशक ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद (ए आई आई ए) एवं गणमान्य अतिथि डॉ के डी पाठक (मुख्य रिपोर्टर दैनिक वीर अर्जुन), डॉ विद्यावती (डीन, एस जी टी, यूनिवर्सिटी,गुरुग्राम)थे।इन सभी अतिथियों का स्वागत आई एम ए (आयुश) के दोनों संरक्षक डॉ आर एस चौहान और डॉ ओ पी वशिष्ठ जी ने स्मृति चिन्ह देकर किया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ एन के छावनियां, राष्ट्रीय महासचिव डॉ रमन खन्ना, दिल्ली के अध्यक्ष डॉ अरुण कटारिया ने भी सभी अतिथियों का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर और फूल माला पहनाकर किया। संस्था मीडिया प्रभारी डॉ पांचाल ने बताया कि डॉ भीमा भट्ट जी को आयुर्वेद चिकित्सा और प्रो.(डॉ) हकीम मो. मज़ाहिर आलम जी को यूनानी चिकित्सा में सराहनीय कार्य करने के लिए संस्था का धनवंतरि अवॉर्ड डॉ पी के प्रजापति( निदेशक ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद) और माननीय मेयर श्री



राजा इकबाल सिंह जी ने देकर सम्मानित किया। आयुर्वेद चिकित्सा में सराहनीय योगदान के लिए सुश्रुत अवार्ड और चरक अवार्ड देकर सम्मानित किया। डॉ रामफल पांचाल ने बताया कि संस्था ने लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड संस्था के हित में सराहनीय कार्य के लिए डॉ एस पी पाण्डे जी को संस्था के संरक्षक डॉ आर एस चौहान जी ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

अलग अलग राज्यों से आए चिकित्सकों को भी जिनमें हरियाणा में फरीदाबाद, पानीपत, करनाल, कैथल और झज्जर, हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश से आए सभी चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। संस्था के मीडिया प्रभारी डॉ पांचाल ने बताया कि समारोह में भगवान धनवंतरि जी के बारे में डॉ केशव शर्मा जी ने अपने भाषण में विस्तार से वर्णन किया। संस्था के संरक्षक डॉ आर एस चौहान जी ने अपने भाषण में बताया कि हमारी संस्था आई एम ए आयुष ने पिछले 40 साल में आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति के विकास और प्रचार में क्या क्या उपलब्धियां प्राप्त कि और हमारी संस्था एक गैर सरकारी संगठन है लेकिन अपने प्रैक्टिशनर के अधिकारों के लिए लड़ती आ रही है। संस्था के राष्ट्रीय महासचिव डॉ रमन खन्ना जी ने संस्था की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी और संस्था के उल्लेखनीय कार्यों के बारे मे जानकारी दी। संस्था के संरक्षक डॉ आर एस चौहान जी ने संस्था के पिछले 40 सालों का उल्लेख करते हुए बताया कि हमारी संस्था ने भारतीय चिकित्सा पद्धति के विकास एवं प्रसार के लिए संघर्ष करती आ रही हैं इसी का नतीजा आज भारत सरकार में अलग से आयुष मंत्रालय की स्थापना हुई। डॉ चौहान जी ने दिल्ली के माननीय मेयर श्री राजा इकबाल सिंह जी से निवेदन किया कि दिल्ली की एम सी डी में भारतीय चिकित्सा पद्धति के ज्यादा औषधालय खोले जाएं जिससे हमारे चिकित्सकों को ज्यादा रोजगार मिले। संस्था के मीडिया प्रभारी एवं लीगल कमेटी के चेयरमैन डॉ रामफल पांचाल और निदेशक ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेद डॉ पी के प्रजापति जी ने प्रैस व मीडिया विभाग में आयुर्वेद के प्रचार व प्रसार में सहभागिता के लिए आयुष मंत्रालय में मीडिया प्रभारी श्री गौरव शर्मा जी, श्री अशोक किंकर (खेल टुडे), श्री दीपक चौबे (आई ए एन एस), सुश्री पायल बनर्जी (पी टी आई ),श्री अजीत सिंह (राष्ट्रीय छात्र शक्ति), श्री सिद्धार्थ जी (पी आर ओ, ए आई आई ए), श्री इल्तेज़ा उस्मानी (यू एन आई, उर्दू), डॉ फरमान अली (उर्दू) को संस्था का स्मृति चिन्ह और शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। डॉ पांचाल ने अपने भाषण में बताया कि हमारी संस्था ने दिल्ली भारतीय चिकित्सा परिषद के चुनाव के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय से जीत कर चुनाव फिजिकल कराने का आदेश पारित करवाया, सुप्रीम कोर्ट में भारतीय चिकित्सा पद्धति का इंटीग्रेशन अधिकार पर स्टे करवाया, राष्ट्रीय आयोग, भारतीय चिकित्सा पद्धति, भारत सरकार में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति के चिकित्सकों को इंटीग्रेशन का अधिकार दिलवाया, दिल्ली में आई एस एम के डाक्टरों के मेडिकल सर्टिफिकेट को ड्राइविंग लाइसेंस के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा अनुमोदित करवाया,दिल्ली में आयुर्वेद और यूनानी के चिकित्सकों के लिए राष्ट्रीय सी एम ई का आयोजन करवाया जो हर साल होने वाले रिन्यूअल के लिए आवश्यक है। डॉ पांचाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी संस्था ने अपनी स्मारिका बनाई संस्था के मुख्य संपादक डॉ लव कुमार और संपादक मंडल के सदस्य डॉ राजीव मल्होत्रा, डॉ मो. अशद, डॉ शैलेश द्विवेदी, डॉ के के सिंघल और डॉ जितेन्द्र गौड़ का बहुमूल्य योगदान दिया। दिल्ली के माननीय मेयर श्री राजा इकबाल सिंह जी ने स्मारिका का विमोचन करते हुए कहा कि मैं आपको आश्वासन देता हूं कि एम सी डी में आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति की ज्यादा औषधालय खोले जाएंगे और भगवान् धनवंतरि जी की कृपा हम सभी भारत वासियों पर बनी रहे। संस्था के प्रोग्राम में मुझे बुलाया मैं संस्था का आभार प्रकट करता हूं। समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों और चिकित्सकों का धन्यवाद देते हुए दिल्ली राज्य के अध्यक्ष डॉ अरुण कटारिया जी ने सभी का आभार प्रकट किया।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के द्वारा अर्रा रोड स्थित संत निरंकारी सेवा सत्संग मैदान पर आयोजित सर्व समाज का दशहरा मिलन समारोह सम्मेलन में प्रदेश भर के हजारों हजार लोग सम्मिलित हुए





**रणजीत टाइम्स**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष कुं हरिवंश सिंह राष्ट्रीय वरिष्ठ महामंत्री राघवेन्द्र सिंह राजू राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह राठौर का भव्य स्वागत प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने 51 किलो की माला पहना कर किया। पूर्व सांसद बृज भूषण शरण सिंह ने दशहरा मिलन समारोह कार्यक्रम को सफल बताया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष कुं हरिवंश सिंह ने एकता पर बल दिया। आयोजक प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने कहा कि प्रदेश भर से आए हजारों लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर समाज में अपनी छाप छोड़ने का कार्य किया है। जैसे ही हेलिकाप्टर निरंकारी सत्संग मैदान में उतरा पदाधिकारियों एवं समर्थकों की भारी भीड़ ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। मुख्य रूप से मनोजानंद गोल्डेन बाबा सुखबीर सिंह विनोद सिंह प्रदेश महामंत्री धीरेन्द्र भदौरिया भुनेश्वर सिंह पंकज राजावत देवेंद्र सिंह सनी सेंगर महेंद्र तोमर तिलक चौहान पुष्पेंद्र भदौरिया आकाश भदौरिया यजुवेंद्र सिंह पंकज तोमर वीरपाल सिंह यशपाल सिंह भानु प्रताप सिंह डॉ यू एस सिंह संजय भदौरिया हेमंत सेंगर लाखन सिंह सुजीत सिंह एस के सिंह सूर्य सिंह कुलदीप भदौरिया शिवम राठौर रवि सिंह राकेश राणा आशा सिंह चौहान नीतू सेंगर अंजू सिंह मीरा भदौरिया करिश्मा ठाकुर सहित काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पुलिस की शक्ति मोबाइल टीमों द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने पर, पुलिस कमिश्नर इंदौर ने पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित



आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स

सह. संपादक

## त्यौहारों के दौरान संचालित शक्ति मोबाइल में लगे पुलिसकर्मियों ने बेहतर पुलिसिंग के साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी किया बखूबी निर्वहन

घायलों को तत्काल अस्पताल पहुँचाया, गुम बच्चों को परिजनों से मिलाया, संदिग्धों व असामाजिक तत्वों की भी ली अच्छी खबर ।



इंदौर- शहर में त्यौहारों के दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों में महिलाओ की सुरक्षा को मद्देनजर रखते हुए भक्ति स्थलों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस आयुक्त इंदौर नगरीय श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा निर्देशन में इंदौर पुलिस द्वारा शहर के सभी थाना क्षेत्रों में महिला पुलिस बल सहित 13 शक्ति मोबाइल का गठन कर, नवरात्री पर्व के दौरान गरबा पांडाल, दशहरे करवा चौथ आदि विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के दौरान असामाजिक तत्वों पर निगरानी हेतु लगातार पेट्रोलिंग के लिए लगाया गया था। शक्ति मोबाइल टीमो द्वारा इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने पर, पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा उक्त शक्ति मोबाइल टीमों के 50 पुलिसकर्मियों को आज कार्यलय में प्रशस्ति पत्र व नगद ईनाम देकर पुरुस्कृत किया गया। इस दौरान पुलिस कमिश्नर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा सभी टीमों द्वारा किये गये कार्यों कि सराहना करते हुए कहा कि आपने उक्त त्योहारों के दौरान अपने कर्तव्य का निर्वहन जिस लगन व उत्साह के साथ ही पूर्ण जिम्मेदारी के साथ किया वह प्रशंसनीय है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों का उत्साहवर्धन करते हुए आगे भी इसी जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के लिए प्रोत्साहित किया। त्योहारों के दौरान शक्ति मोबाइल टीमो द्वारा बेहतर पुलिसिंग के साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों का भी बखूबी निर्वहन किया गया।

इस दौरान घायलों को तत्काल अस्पताल पहुचा कर उपचार भी करवाया, साथ ही गुम हुए बालक/बालिकाओं को ढुंढकर उनके परिजनों से मिलाया एवं रात्रि ने महिलाओं को घर भी छोडा। साथ ही संदिग्धों व असामाजिक तत्वों की चेंकिग करते हुए अच्छी खबर लेकर प्रभावी कार्यवाही की गई। इस दौरान ऐसी भीड़ में गुम अपने मासूम बच्चे को पाकर, परिजनों ने त्वरित कार्यवाही के लिए पुलिस टीम को धन्यवाद दिया तथा सभी ने इंदौर पुलिस की शक्ति मोबाइल की कार्यवाही की सराहना भी की गई थी।

# राजू बाजेवाला की शूटिंग इंदौर में जोरों पर




**रेणु कैंथवास**

इंदौर। इंदौर की मनमोहक लोकेशनों पर इन दिनों फिल्म “राजू बाजेवाला” की शूटिंग धूमधाम से चल रही है। इस फिल्म का निर्देशन मशहूर संगीतकार और युवा फिल्म निर्देशक पलाश मुछाल कर रहे हैं। वहीं मुख्य भूमिका में नजर आएंगे चर्चित अभिनेता चंदन रॉय, जिन्होंने पंचायत जैसी लोकप्रिय वेब सीरीज़ में अपने अभिनय से दर्शकों का दिल जीता था। फिल्म सेट पर रंजीत टाइम्स की मौजूदगी- फिल्म की शूटिंग के दौरान रंजीत टाइम्स न्यूज़ चैनल की प्रतिनिधि रेणु कैंथवास ने निर्देशक पलाश मुछाल और हीरो चंदन रॉय से खास मुलाकात की।

पलाश मुछाल ने बातचीत में बताया » “राजू बाजेवाला एक आम व्यक्ति की असाधारण यात्रा की कहानी है। इसमें संघर्ष, उम्मीद और सपनों का मेल है। इस फिल्म से दर्शकों को मनोरंजन के साथ एक सामाजिक संदेश भी मिलेगा।”

वहीं चंदन रॉय ने कहा » “मुझे इस फिल्म की कहानी से गहरा जुड़ाव महसूस हुआ। पलाश जी के साथ काम करना बेहद शानदार अनुभव है। इंदौर की जनता का प्यार और सहयोग देखकर मन खुश हो गया।” संगीत और कहानी का मेल पलाश मुछाल ने बताया कि इस फिल्म में संगीत एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है। “हर गीत में भावना है, हर सुर में कहानी की रफ्तार है। हमने इस फिल्म में मध्यप्रदेश की मिट्टी की खुशबू को भी शामिल किया है।”

### रेणु कैंथवास की टिप्पणी

“इंदौर अब सिर्फ व्यापार और पर्यटन का नहीं, बल्कि फिल्म निर्माण का भी बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। ‘राजू बाजेवाला’ जैसी फिल्में इस दिशा में एक नई शुरुआत हैं।”

### अंत में

**‘राजू बाजेवाला’ सिर्फ एक मनोरंजन फिल्म नहीं, बल्कि जीवन के संघर्ष और उम्मीदों का प्रतीक है। इंदौर में हो रही शूटिंग ने यह साबित कर दिया है कि यह शहर अब बॉलीवुड की नई मंज़िल बनने की ओर बढ़ रहा है।**

# महिला एवं बाल विभाग, शिक्षा विभाग और स्वास्थ्य विभाग समन्वय के साथ कार्य करें: कलेक्टर श्री वर्मा



आदित्य शर्मा » रणजीत टाइम्स
सह. संपादक

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की गति को बढ़ाया जाए, समय-सीमा में सभी की स्क्रीनिंग की जाए कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला गुणवत्ता निर्धारण समिति की बैठक सम्पन्न

इंदौर। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति एवं जिला गुणवत्ता निर्धारण समिति की बैठक कलेक्टर सभागृह में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने इंदौर जिले में चल रहे राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, अंधत्व निवारण कार्यक्रम, टीकाकरण, कुपोषण नियंत्रण केन्द्र, बाल एवं महिला मृत्यु दर सहित अन्य स्वास्थ्य संबंधी विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने जिले के स्वास्थ्य संस्थाओं में निर्माण एवं संधारण की प्रगति रिपोर्ट भी देखी। बैठक में अपर कलेक्टर श्री रोशन राय और श्री रिंकेश वैश्य, जिला पंचायत सीईओ श्री सिद्धार्थ जैन, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव हसानी, जिला क्षय अधिकारी डॉ. शैलेन्द्र जैन, महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री रजनीश सिन्हा, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. शांता स्वामी भार्गव, एडीएम सुश्री निधि वर्मा, एसडीएम श्री घनश्याम धनगर, संयुक्त कलेक्टर श्री रोशनी पाटीदार, स्वास्थ्य अधिकारी श्री तरुण गुप्ता, श्रम विभाग की अधिकारी श्रीमती मेघना भट्ट सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में कलेक्टर श्री वर्मा ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को गंभीरता से लें। क्षय रोग मरीजों को अस्पताल आने से पहले ही उनका चिन्हांकन कर लिया जाए। क्षय रोग मरीजों के परिजनों के साथ-साथ उनके संपर्क में आने वाले लोगों की भी स्क्रीनिंग की जाए। जिले में क्षय रोग के हॉटस्पॉट पर अधिकारी कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम की गति बढ़ायी जाए। साथ ही लार्वा टीमों की संख्या भी बढ़ायी जाए। अंधत्व निवारण कार्यक्रम के वार्षिक लक्ष्य को तय समय-सीमा में प्राप्त करें। सभी शिक्षा संस्थानों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच की जाए। कलेक्टर श्री वर्मा ने कहा कि स्वास्थ्य हमारी प्राथमिकताओं में से एक है और यह कार्य संवेदनशीलता के साथ किया जाना चाहिए। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग आदि विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। विशेषकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, एएनएम प्राथमिकता के साथ कार्य करें। अधिकारी मैदान में जाकर कार्य देखें और उसकी सतत मॉनिटरिंग करें। कलेक्टर श्री वर्मा ने जिला चिकित्सालय, नंदा नगर अस्पताल, पीसी सेठी अस्पताल सहित जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्था को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि इंदौर जिले में राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम गत 20 जून से चल रहा है जो 30 नवम्बर तक जारी रहेगा। इस अभियान में अब तक इंदौर जिले में 8 लाख लोगों की टीबी स्क्रीनिंग होना है, जिसमें से 5 लाख 9 हजार 255 लोगों की स्क्रीनिंग हो चुकी है। वर्तमान में इंदौर जिले में 4 हजार से अधिक सक्रिय क्षय (टीबी) रोगी है। इंदौर जिले की 334 ग्राम पंचायतों में से 133 ग्राम पंचायतों को क्षय रोग (टीबी) मुक्त घोषित कर दिया गया है। शेष पंचायतों में अभियान चल रहा है।

इंदौर जिले में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है जिसमें नये रोगियों को चिन्हित करना का कार्य तेजी से जारी है। इस वर्ष जिले में किसी भी व्यक्ति की मृत्यु मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया बीमारी से नहीं हुई है। मलेरिया के रोगियों में कमी आई है। पूरे जिले में अलग-अलग लार्वा टीमें कार्य कर रही है। इस कार्य में स्वास्थ्य विभाग अन्य संस्थाओं के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। जिले में महिला और बाल मृत्यु दर में लगातार कमी आ रही है। समय पर महिलाओं और बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। जिन बच्चों में आयरन की कमी है, उनका विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बैठक में बताया गया कि 6 माह से 5 वर्ष के बच्चों को प्रति मंगलवार और शुक्रवार आयरन सिरप दिया जा रहा है। 5 वर्ष से 10 वर्ष के बच्चों को प्रति सप्ताह आयरन की गुलाबी गोली दी जा रही है। साथ ही 10 वर्ष से 19 वर्ष की किशोर-किशोरी को प्रति सप्ताह आयरन की नीली गोली दी जा रही है। गंभीर एनीमिया की श्रेणी वाले चिन्हांकित बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। बैठक में अधिकारियों ने भी अपने विचार रखें।

# 'आत्म दीपो भव' बुद्ध के इस सिद्धांत को बनाए मां लक्ष्मी की आराधना का आधार

'आत्म दीपो भव' अर्थात् स्वयं अपने दीप बनो। यह संदेश महात्मा बुद्ध द्वारा न सिर्फ अपने अनुयायियों बल्कि संपूर्ण मानव जाति को दिया गया। प्रश्न यह उठता है कि स्वयं का दीप कैसे बना जा सकता है ? उत्तर अत्यंत सहज है अपनी आत्मा के साक्षात्कार द्वारा। पुनः प्रश्न उठता है कि आत्मसाक्षात्कार की प्राप्ति का मार्ग क्या है ? इसका उत्तर है स्व की पहचान इसके लिए भारतीय संस्कृति में अनेक ऋषियों - मनीषियों ने हमारा मार्गदर्शन किया है ध्यान योग के द्वारा उन्होंने स्व अर्थात् आत्मतत्व को पहचाना, हमारे सूक्ष्म शरीर में स्थित शक्ति व ऊर्जा के केंद्रों की पहचान की, उनकी जागृति के साधनों का पता लगाया और मानव जाति को परमात्मा से एकाकारिता की राह दिखाई। रामायणकालीन, महाभारतकालीन, वैदिक



काल के ऋषियों से लेकर श्री गौतम बुद्ध, महावीर स्वामी, आदिशंकराचार्य, संत ज्ञानेश्वर, गुरुनानक देव, कबीरदास व अनेकानेक संतों ने इसी मार्ग पर चलने का संदेश मानव जाति को दिया। उपरोक्त सभी व अन्यान्य मनीषियों ने कुंडलिनी जागरण द्वारा सात शक्ति केन्द्र सूक्ष्म चक्र, सूक्ष्म नाड़ियों आदि की जागृति की बात की परंतु यह ज्ञान इसकी क्लिष्ट भाषा के कारण साधारण मनुष्य की समझ के परे रहा।

साधकों की इसी कठिनाई को आदिशक्ति श्री माताजी ने सहजयोग ध्यान पद्धति द्वारा अत्यंत ही सहज बना दिया है। साधारण मनुष्य भी बड़ी ही सहजता से सूक्ष्म शरीर में कुंडलिनी, चक्रों व नाड़ियों के ज्ञान को प्राप्त कर पाता है प्रतिदिन के सरल व संक्षिप्त अभ्यास के द्वारा इनकी जागृति कर इनकी शक्तियों से साक्षात् कर आत्मसाक्षात्कार को प्राप्त करता है। इस प्रकाश पर्व दीपावली पर आप सभी अपने आत्म दीप को प्रज्वलित कर मां लक्ष्मी को स्वयं अपने अंतस में जागृत करने हेतु सहजयोग का अनुभव प्राप्त करें। इस संबंध में अधिक जानकारी टोल फ्री नं – 1800 2700 800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क है।

# सिंधिया का स्वदेशी संदेश



ग्वालियर। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने देशवासियों से अपील की है कि केवल दीपावली ही नहीं, बल्कि पूरे वर्ष को स्वदेशी त्यौहार के रूप में मनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने का रास्ता स्वदेशी अपनाने से ही होकर गुजरता है। सिंधिया ने यह बात ग्वालियर में एक कार्यक्रम के दौरान कही, जहां उन्होंने स्वदेशी अभियान और स्थानीय उत्पादों के उपयोग पर बल दिया।सिंधिया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। "आत्मनिर्भर भारत, स्वदेशी भारत और विकसित भारत — यही हमारा संकल्प है। प्रधानमंत्री मोदी ने जिस 'वोकल फॉर लोकल' का संदेश दिया है, वही अब जन आंदोलन बन चुका है। हमें सिर्फ त्योहारों पर ही नहीं, बल्कि अपने जीवन के हर क्षेत्र में स्वदेशी को प्राथमिकता देनी चाहिए," उन्होंने कहा। कार्यक्रम के दौरान सिंधिया ने ग्वालियर की ऐतिहासिक पहचान रही नैरोगेज ट्रेन को लेकर भी बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि ग्वालियर से शिवपुरी तक की नैरोगेज लाइन को पर्यटन की दृष्टि से फिर से शुरू करने की तैयारी चल रही है। उन्होंने बताया कि इस रेलवे लाइन की नींव माधव महाराज ने रखी थी और उनके पिता माधवराव सिंधिया ने भिंड और शिवपुरी की रेल लाइन को ब्रॉड गेज में परिवर्तित कराया था। सिंधिया ने बताया कि उन्होंने स्वयं 2012 में इस परियोजना को स्वीकृति दिलाई थी, और अब प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में इसका कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि "नैरोगेज ग्वालियर की ऐतिहासिक विरासत है। इसे हम केवल रेलमार्ग के रूप में नहीं, बल्कि पर्यटन के आकर्षण के रूप में पुनर्जीवित करने की दिशा में काम कर रहे हैं। यह ग्वालियर की पहचान को नए सिरे से विश्व पटल पर स्थापित करेगा।"

# केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने अपने पद से इस्तीफा देने की इच्छा जताई



बीजेपी के नवनिर्वाचित राज्यसभा सदस्य सी. सदानंदन मास्टर को केंद्रीय मंत्रिमंडल में उनकी जगह दिए जाने की सिफारिश की. सुरेश गोपी ने कहा, 'लोकसभा चुनावों में जीत के बाद पार्टी ने केंद्रीय मंत्री बनाया. मैं अपना फिल्मी करियर छोड़कर कभी मंत्री नहीं बनना चाहता था'. उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में उनकी आय काफी कम हुई है।

## ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी रहवासी संघ के अध्यक्ष जोशी को नियुक्त किए गए और प्राकृतिक हरियाली को लेकर की गई बात



**खुशबू श्रीवास्तव**

ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी की पूर्व अध्यक्षिक श्रीमती सीमा जेसवानी ने बताया कि हमारे ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी गार्डन प्राकृतिक हरियाली और पर्यावरण स्वरूप को सुरक्षित रखा जाए तथा या किसी प्रकार का कंक्रीट यह निर्माण कार्य न किया जाए ताकि यहां स्थान प्राकृतिक सौंदर्य और परिस्थितिक संतुलन का प्रतीक बना रहे साथ ही जेसवानी ने नए अध्यक्ष को अपने नए कार्यकाल की बधाई दी साथ ही नए अध्यक्ष पद का कार्यकाल ग्रहण करते हुए नीरज जोशी ने कहा कि मेरे सामने एक बहुत बड़ी चुनौती है जो की मुझे उसे पूरा करना है हमारी ग्रेटर तिरुपति कॉलोनी के रहवासियों जो भी बचे कार्य हैं वह पूर्ण करूंगा और आगे हरियाली और पर्यावरण को लेकर इस बात की अलख जगाऊंगा।

दैनिक रणजीत टाइम्स

जिला एवं तहसील स्तर पर

एजेंसी देना है

अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें

सम्पर्क करें

8224951278 :: 9827068888

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक गोपाल गावंडे द्वारा पंकज प्रिंटर्स एण्ड पैकेजिंग एल.यू.एन 22 सेक्टर एफ सांवेर रोड, इण्डस्ट्रीयल एरिया इंदौर म.प्र. एवं जी -1 कॉस्मिक रीजेंसी 117 गोकुल नगर कनाडिया इंदौर म.प्र. से प्रकाशित संपादक गोपाल गावंडे (पी.आर.बी.) एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादो का न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा )